# इण्टरमीडिएट परीक्षा, 2015

## सामान्य हिन्दी–द्वितीय प्रश्नपत्र

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट] 305 (DG) [पूर्णांक : 50**

**1.** निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 4 + 4 = 8

(क) राष्ट्रभाषा-हिन्दी-प्रचारे संलग्नं हिन्दी साहित्य सम्मेलनम् अत्र स्थितम्, अत्रैव च अनेक सहस्रसंख्यैः देवविदेशविद्यार्थिभिः परिवृत्तः विविधविद्यापारंगतैः विद्वद्वरेण्यैः उपशोभितः च प्रयागविश्वविद्यालयः भरद्वाजस्य प्राचीन-गुरुकुलस्य नवीनं रूपमिव शोभते। स्वतन्त्रेऽस्मिन् भारते प्रत्येकं नागरिकाणां न्यायप्राप्तेधिकारघोषणामिव कुर्वन् उच्चन्यायालयः अस्य नगरस्य प्रतिष्ठां वर्द्धयति।

***अथवा*** धन्योऽयम् भारतदेशः यत्र समुल्लसति जनमानस पावनी, भव्यभावोद्भाविनी, शब्द-सन्दोह प्रसविनी सुरभारती। विद्यमानेषु निखिलेष्वपि वाङ्मयेषु अस्याः वाङ्मयम् सर्वश्रेष्ठम् सुसम्पन्नम् च वर्तते। इयमेव भाषा संस्कृतनाम्नापि लोके प्रथिता अस्ति। अस्माकं रामायण-महाभारताद्यैतिहासिकग्रन्थाः, चत्वारो वेदाः, सर्वा उपनिषदः, अष्टादशपुराणानि, अन्यानि च महाकाव्यानाट्यादीनि अस्यामेव भाषायां लिखितानि सन्ति। इयमेव भाषा सर्वासामार्यभाषाणं जननीति मन्यते भाषातत्वविद्भिः। संस्कृतस्य गौरवं बहुविधज्ञानाश्रयत्वं व्यापकत्वं च न कस्यापि दृष्टेरविषयः।

(ख) वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमायाति याति च।
अक्षीणोवित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः।।

***अथवा*** नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।

**2.** निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी **एक** की सन्दर्भ सहित हिन्दी में व्याख्या कीजिए : 4

(अ) दरिद्रे दीयते दानं, सफलं पाण्डुनन्दन। (ब) प्रज्वालितो ज्ञानमयः प्रदीपः।।
(स) लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुमर्हति।

**3.** निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2 + 2 = 4

(i) अंगार सिर पर धरना। (ii) अँगुली पर नचाना। (iii) उल्टी गंगा बहना। (iv) कुपमण्डूक होना। (v) अपनी करनी पार उतरनी। (vi) ऊँची दुकान फीका पकवान।

**4.** (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1 + 1 + 1 = 3

(i) 'पावकः' का सन्धि-विच्छेद है—
(अ) पो + अकः (ब) पौ + अकः (स) पा + वकः (द) पाव् + अकः।
(ii) 'सदैव' का सन्धि-विच्छेद है—
(अ) सद् + एव (ब) स + दैव
(स) सदा + एव (द) सदे + एव।

(ii) 'नयनम्' का सन्धि-विच्छेद है—
(अ) नय + अनम् (ब) ने + अनम्
(स) ने + यनम् (द) नै + नम्।

(ख) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए : 1 + 1 = 2

(i) अंस-अंश
(अ) अन्त और शुरू (ब) कन्धा और भाग
(स) भाग और हिस्सा (द) शुरू और अन्त।
(ii) उपल-उत्पल
(अ) उत्पन्न और ऊपर (ब) ऊपर और नीचे
(स) ओला और कमल (द) समाप्त और प्रारम्भ।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के **दो** अर्थ लिखिए : 2
(i) अंक (ii) कर (iii) जड़।

(घ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **दो** के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 2
(i) जिसका अन्त सुखमय हो। (ii) जिसे शास्त्रों की अच्छी जानकारी हो। (iii) जो वन्दना के योग्य हो। (iv) सेना के ठहरने का स्थान।

(ङ) निम्नलिखित शब्द रूपों में से किसी **एक** का वचन और विभक्ति लिखिए : 1 + 1 = 2
(i) जगते (ii) आत्मनाम् (iii) राजानः।

(च) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : 1 + 1 = 2
(i) वहाँ चेचक के खतरे का डर है। (ii) हिमालय पर्वत सबसे ऊँचा पर्वत है। (iii) मैंने भगवद्गीता पढ़ा है। (iv) अनेकों बार देख चुका हूँ।

**5.** (क) करुण **अथवा** संयोग श्रृंगार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ख) उपमा **अथवा** श्लेष अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2
(ग) चौपाई **अथवा** कुण्डलिया छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

**6.** कश्मीर में बाढ़-पीड़ितों के सहायतार्थ अपने गाँव द्वारा सञ्चित धनराशि को पहुँचाने हेतु जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए। 6

***अथवा*** इलाहाबाद बैंक के शाखा-प्रबन्धक को फसली ऋण योजनान्तर्गत ऋण-प्राप्ति हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए।

**7.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबन्ध लिखिए : 9

(i) मेरा प्रिय ग्रन्थ (ii) कश्मीर की त्रासदी : बाढ़ का प्रकोप (iii) गरीबी एक अभिशाप : क्रान्ति एवं अपराध की जननी (iv) जनसंख्या विस्फोट : कारण एवं निवारण (v) परहित सरिस धर्म नहिं भाई।